# संविधान के प्रति अश्रद्धा पैदा ना करें : देवनानी

### विधानसभा में पहली बार मनाया संविधान दिवस

### विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि संविधान हमारी आत्मा और हमारा पवित्र ग्रंथ

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि संविधान के प्रति अश्रद्धा पैदा ना करें। संविधान के मूल ढांचे को कोई बदल नहीं सकता है। संविधान के बाईस भागों में हमारी संस्कृति और नैतिकता का विवरण है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र का प्रत्येक नागरिक संविधान को पढ़ें, उसे जानें और उसके अनुकूल जीवन जीने का प्रयास करें। संविधान हमारी आत्मा और पवित्र ग्रंथ है। यह हमारे जीवन मूल्य व संस्कृति का स्वाभिमान भी है। संविधान सिर्फ एक कानूनी दस्तावेज नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक भारत के लोगों की आकांक्षाओं, मूल्यों और आदर्शों का प्रतिबिम्ब है।

देवनानी ने मंगलवार को विधानसभा में संविधान दिवस पर आयोजित समारोह में राजनैतिक आख्यान संग्रहालय में नवनिर्मित संविधान दीर्घा का लोकार्पण किया। इस संविधान दीर्घा में मूल संविधान के बाईस



भागों के आरम्भ में दर्शायी गयी कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है। श्री देवनानी ने बताया कि संविधान दीर्घा का उद्देश्य आमजन और युवाओं में राष्ट्र और राष्ट्र के संविधान का बोध कराने के साथ ही संविधान, सांस्कृतिक और नैतिकता के प्रति जागरुकता लाना है। उन्होंने संविधान दिवस को संविधान निर्माताओं के प्रति श्रद्धाभाव प्रकट करने तथा उनके अविस्मरणीय योगदान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का स्मरण दिवस बताया हैं।

**संविधान की प्रतियां भेंट :** संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि विधान सभा जैसे पवित्र स्थल पर पहली बार आयोजित संविधान दिवस समारोह महत्वपूर्ण है। संविधान की मूल भावना जनसेवा है और यह मानव शक्ति का संचार है। भारत का संविधान सशक्त है। इसमें भारत के प्रत्येक नागरिक की आस्था बढी है। राजस्थान विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि राष्ट्र की वायु, धरती और पानी पर राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक का अधिकार है।

### अधिवक्ता संविधान प्रदत्त अधिकारों की पालना में बने सहयोगी

राजस्थान विधानसभा में अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर पहली बार आयोजित संविधान दिवस समारोह में सैकडों की संख्या में अधिवक्तागण, विधि संस्थानों के छात्र-छात्राओं के साथ ही गणमान्य नागरिक और राजस्थान विधान सभा के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। देवनानी ने अधिवक्ताओं का आवहान किया कि वे संविधान प्रदत्त अधिकारों की पालना कराने में सहयोगी बनें। संविधान की आत्मा और डॉ. अंबेडकर की अपेक्षाओं के अनुरूप आज के समय की आवश्यकता के अनुसार लोगों को शीघ्र न्याय मिले, सस्ता न्याय मिले, संविधान की रक्षा हो, संविधान में निष्ठा हो और हम सभी असवैधानिक कार्यों से बचें। उन्होंने समाज और राष्ट्र हित में कार्य करने के लिए कहा।

### संविधान के सिद्धांतों को अपनाएं और इसके आदर्शों पर चलने का प्रयास करें

देवनानी ने कहा कि भारत के नागरिक के रूप में, संविधान के सिद्धांतों को अपनाएं और इसके आदर्शों पर चलने का प्रयास करें। हमारा लोकतंत्र न केवल राजनीतिक संस्थानों के कामकाज पर बल्कि अपने नागरिकों की भागीदारी पर भी निर्भर करता है। न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के मूल्यों को कायम रखते हुए, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि भारत आने वाली पीढ़ियों के लिए आशा और प्रगति का प्रतीक बना रहे।

### एक ही दिन में एसीबी का ट्रिपल ट्रेप

## तीन घूसखोर लोकसेवक रिश्वत लेते गिरफ्तार

### अनुजा निगम भरतपुर के सहायक सांख्यिकी अधिकारी 7 हजार की घूस लेते गिरफ्तार

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

राजस्थान एसीबी ने मंगलवार को एक ही दिन में ट्रिपल ट्रेप को अंजाम देकर घूसखोरों की नींद उड़ा दी। एसीबी पहली कार्रवाई भरतपुर टीम ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए अनुजा निगम भरतपुर के सहायक सांख्यिकी अधिकारी नीरज शर्मा को परिवादी से 7 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की भरतपुर टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि अनुजा निगम से स्वीकृत 50 हजार रुपए के अनुदान राशि को उसके खाते में डालने की एवज में अनुजा निगम का सहायक सांख्यिकी अधिकारी नीरज शर्मा 25 हजार रुपए रिश्वत मांग रहा है। जिस पर एसीबी भरतपुर टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित सिंह के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए अनुजा निगम का सहायक सांख्यिकी अधिकारी नीरज शर्मा को सात हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया।

**3 हजार की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की स्पेशल यूनिट कोटा टीम ने मंगलवार को पट्टे की फाइल पास करने के नाम पर तीन हजार रुपए की रिश्वत लेते एक पटवारी को गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि कोटा टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि पट्टा जारी करने की फाइल पास करने की एवज में सोगरिया चन्द्रसेल स्टेशन एरिया नगर विकास न्यास कोटा का पटवारी रॉकी अरोड़ा 18 हजार रुपए रिश्वत मांग रहा है। जिस पर एसीबी की स्पेशल यूनिट कोटा टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकुल शर्मा के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए पटवारी रॉकी अरोडा पटवारी को तीन हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है।

### मीटर रीडर-ग्रेड द्वितीय 5 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार

एसीबी की अजमेर टीम ने मंगलवार को कार्यालय सहायक अभियंता किशनगढ़ ग्रामीण अजमेर और विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अजमेर मीटर रीडर-ग्रेड द्वितीय नन्दलाल चौधरी को 5 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की अजमेर टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि कृषि भूमि पर स्थित पोल्ट्री फार्म के लिए विद्युत कनेक्शन की फाइल पास करवाने की एवज में एवीवीएनएल का मीटर रीडर-ग्रेड द्वितीय नन्दलाल चौधरी पांच हजार रुपए रिश्वत मांग कर रहा है। जिस पर एसीबी की अजमेर टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भागचंद के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए एवीवीएनएल का मीटर रीडर-ग्रेड द्वितीय नन्दलाल चौधरी पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है।

## सामान्य सीटों पर एसटी को टिकट, जनरल कहां जाएगा : शंकरलाल

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**



दौसा से पूर्व बीजेपी विधायक शंकरलाल शर्मा ने किरोड़ीलाल मीणा के बयानों पर पलटवार करते हुए कहा है कि दौसा की जनता को धन्यवाद देने की जगह उस पर आरोप लगाना अन्याय है। महाराष्ट्र और हरियाणा में भी विपक्ष ने हार कबूल की। हार पचाना हर किसी के बस का रोग नहीं है। वो जयचंद कह रहे हैं। उनका एक डायलॉग और देखा। मेघनाद बनकर लक्ष्मण जैसे भाई को मारने की बात कर रहे थे। डॉक्टर साहब ने साधु वेश करके भिक्षा भी मांगी। यह तो पब्लिक है, लोगों ने यह फैला दिया कि रावण ने भी साधु बनकर भिक्षा मांगी थी। सीता को हरण करके ले गया था। हमे समझ नहीं आ रहा वो किसे मेघनाद कह रहे है? शर्मा ने कहा कि दौसा को लेकर शुरुआत में मेरा विरोध था। विरोध केवल इस बात का था कि जनरल सीटों के ऊपर हर समय एसटी को टिकट देंगे। आखिर जनरल कहां जाएगा? डॉक्टर साहब किरोड़ीलाल मीणा को ले लीजिए। दूसरों को छोड़ो, डॉक्टर साहब के भतीजे को महुआ में टिकट दे दिया। खुद डॉक्टर साहब को सवाई माधोपुर दे दिया। भाई को दौसा में दे दिया। यह तो विरोध आपस में चलता रहता है। शंकरलाल शर्मा ने कहा कि जहां तक चुनाव में मेरे नहीं दिखाई देने का सवाल है। यह इलेक्शन है। चारों तरफ से ब्राह्मणों को, हर कास्ट के नेताओं को दौसा के अंदर लाकर डाल दिया।

## पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ बोले-अदालतें विपक्ष का रोल नहीं निभातीं

**नई दिल्ली ( एजेंसी )**



पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने एक इंटरव्यू में कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष का स्पेस अलग है। कुछ लोग न्यायपालिका के कंधों पर बंदूक रखकर गोली चलाना चाहते हैं। वे कोर्ट को विपक्ष में बदलना चाहते हैं, लेकिन न्यायपालिका कानूनों की जांच करने के लिए है।

दरअसल, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कुछ दिनों पहले ज्यूडिशियरी के काम करने के तौर-तरीके पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने कहा था कि ज्यूडिशियरी का काम भी विपक्ष ने ले लिया है। हम मीडिया, जांच एजेंसी और न्यायपालिका का काम कर रहे हैं। राहुल के इसी बयान का जवाब देते हुए पूर्व सीजेआई ने कहा कि मैं राहुल गांधी के साथ बहस नहीं करना चाहता, लेकिन लोगों को यह नहीं मानना चाहिए कि न्यायपालिका को संसद या विधानसभाओं में विपक्ष की भूमिका निभानी चाहिए। यह गलत धारणा है, इसे बदलना चाहिए। शिवसेना के नेता संजय राउत ने आरोप लगाया था कि सीजेआई चंद्रचूड़ ने महाराष्ट्र में दल-बदल करने वाले नेताओं के मन से कानून का डर खत्म कर दिया। अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय नहीं करके चंद्रचूड़ ने दलबदल के लिए दरवाजे और खिड़कियां खुली रखीं। इस पर पूर्व सीजेआई ने कहा कि कोई एक पार्टी यह नहीं तय कर सकती कि सुप्रीम कोर्ट को किस मामले की सुनवाई करनी चाहिए।

## बिजनेस

# सेंसेक्स 105 अंक की गिरावट के साथ 80,004 पर बंद

### निफ्टी भी 27 अंक गिरा, बीएसई स्मॉलकैप में 333 अंक की तेजी रही

**मुंबई ( एजेंसी )।** सेंसेक्स मंगलवार को 105 अंक की गिरावट के साथ 80,004 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 27 अंक की गिरावट रही, ये 24,194 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, बीएसई स्मॉलकैप 333 अंक की तेजी के साथ 53,923 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में गिरावट और 14 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 27 में गिरावट और 23 में तेजी रही। एनएसई के ऑटो सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.28 प्रतिशत की गिरावट रही। इससे पहले 25 नवंबर को सेंसेक्स 992 अंक की तेजी के साथ 80,109 के स्तर पर बंद



हुआ था। निफ्टी में भी 314 अंक की तेजी रही, ये 24,221 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, बीएसई स्मॉलकैप 976 अंक चढ़कर 53,589 के स्तर पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 24 में तेजी और 6 में गिरावट थी। निफ्टी के 50 शेयरों में से 43 में तेजी और 7 में गिरावट थी। एनएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स तेजी के साथ बंद हुए। निफ्टी पीएसयू बैंक सबसे ज्यादा 4.16 प्रतिशत चढ़ा था।

**29 को बीएसई-एनएसई पर लिस्ट होंगे एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स के शेयर :** एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स लिमिटेड के अरईपीओ के लिए बोली लगाने का आखिरी दिन है। शाम 4 बजे तक यह आईपीओ टोटल 89.29 गुना सब्सक्राइब हुआ। रिटेल कैटेगरी में यह आईपीओ 23.43 गुना, क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स कैटगरी में 157.05 गुना और नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स कैटगरी में 153.41 गुना सब्सक्राइब हो चुका है। 29 नवंबर को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे। इस आईपीओ का इश्यू का साइज 650.43 करोड़ रुपए है। कंपनी की कुल 4,39,48,000 शेयर जारी करने की योजना है। इसमें 3,86,80,000 नए शेयरों का फ्रेश इश्यू शामिल है, जबकि प्रमोटर्स 52,68,000 शेयरों की बिक्री करेंगे।

## एस्सार ग्रुप के को-फाउंडर शशि रुइया का निधन

**मुंबई ( एजेंसी )।** एस्सार ग्रुप के को-फाउंडर शशि रुइया का 25 नवंबर, 2024 को निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे। 26 नवंबर को दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक शशि रुइया का पार्थिव शरीर रुइया हाउस में रखा गया। अंतिम यात्रा रुइया हाउस से शाम 4 बजे हिंदू वर्ली श्मशान के लिए निकली। फर्स्ट



जनरेशन एंटरप्रेन्योर शशि ने 1965 में अपने पिता नंद किशोर रुइया के मार्गदर्शन में अपना करियर शुरू किया था। 1969 में शशि ने भाई रवि रुइया ने एस्सार ग्रुप की स्थापना की थी। कंपनी ने चेन्नई पोर्ट में एक आउटर ब्रेकवाटर के निर्माण के साथ अपने ऑपरेशन शुरू किए थे।

रुइया के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उद्योग जगत में वे एक महान हस्ती थे। उन्होंने कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व और उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता ने भारत के व्यापार परिदृश्य को बदल दिया। उन्होंने उनके निधन को बेहद दुखद बताया। मोदी ने एक्स पर कहा कि उन्होंने इनोवेशन और विकास के लिए उच्च मानक भी स्थापित किए। वह हमेशा विचारों से भरे रहते थे और हमेशा इस बात पर चर्चा करते थे कि हम अपने देश को कैसे बेहतर बना सकते हैं।

## हुंडई इंडिया को 5 करोड़ का टैक्स नोटिस

### महाराष्ट्र स्टेट टैक्स अथॉरिटी ने कंपनी को यह कारण बताओ नोटिस भेजा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश की लिडिंग ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर कंपनियों में से एक हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड



(एचएमआईएल) को 5 करोड़ रुपए से ज्यादा का टैक्स नोटिस मिला है। कंपनी को फाइनेंशियल ईयर 2020-21 के इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) क्लेम्स में गड़बड़ियों के लिए महाराष्ट्र स्टेट टैक्स अथॉरिटी ने यह शो कॉज नोटिस यानी कारण बताओ नोटिस भेजा है।

नोटिस के अनुसार, टैक्स अथॉरिटी ने आरोप लगाया है कि कंपनी ने टैक्स पेमेंट नहीं किया है। इस वजह से कंपनी को 2.74 करोड़ रुपए का टोटल डिमांड नोटिस भेजा गया है। इसके अलावा कंपनी को 2.27 करोड़ रुपए का इंटरेस्ट पेमेंट भी करना होगा। हुंडई मोटर इंडिया ने सेबी (लिस्टिंग ऑब्लिगेशन्स एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) रेगुलेशन 2015 की धारा 30 के तहत एनएसई और बीएसई को दी गई सूचना में स्पष्ट किया है कि कंपनी निर्धारित समय सीमा के भीतर नोटिस का जवाब देगी।


## स्पोर्ट्स

# आईपीएल ऑक्शन के टॉप-5 सरप्राइज

### वेंकटेश की सैलरी 15.75 करोड़ बढ़ी, वॉर्नर-शार्दूल अनसोल्ड, 13 साल का अनकैप्ड प्लेयर वैभव बना करोड़पति

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आईपीएल का मेगा ऑक्शन 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब के जेद्दाह में हुआ। नीलामी इंडियन प्लेयर्स के लिए वाकई मेगा साबित हुई, क्योंकि सबसे महंगे पांचों टॉप खिलाड़ी भारत के ही रहे। ऑक्शन इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ। पहली बार ही 2 खिलाड़ियों की बोली 25 करोड़ रुपए पार भी कर गई। ऑक्शन में कई और चौंकाने वाले फैसले भी देखने को मिले। आईपीएम चैंपियन कप्तान डेविड वॉर्नर और भारतीय ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर को खरीदार ही नहीं मिला। इंग्लिश ऑलराउंडर सैम करन की कीमत 16.10 करोड़ रुपए घट गई, वहीं 13 साल के अनकैप्ड बैटर वैभव सूर्यवंशी आईपीएल में करोड़पति बनने वाले सबसे युवा प्लेयर बने।

भारत के वेंकटेश और अफगानिस्तान के नूर अहमद की कीमतों ने हैरान किया।



कोलकाता ने वेंकटेश को 23.75 करोड़ रुपए में खरीदा। हालांकि, तब उनकी सैलरी 8 करोड़ रुपए ही थी, उन्हें इस बार 3 गुना ज्यादा रकम मिल गई। वेंकटेश के लिए बेंगलुरु ने भी बोली लगाई थी, लेकिन केकेआर ने आखिर में बाजी मार ली। उन्होंने पिछले सीजन हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल फाइनल में फिफ्टी लगाई थी। वेंकटेश ने केकेआर के लिए 51 मैचों में 137.12 के स्ट्राइक रेट से 1326 रन बनाए हैं।

इंग्लैंड के विल जैक्स और अफगान के नूर अहमद की खरीदी ने भी चौंकाया। जैक्स को 5.25 करोड़ रुपए में मुंबई और नूर को 10 करोड़ रुपए में चेन्नई ने खरीदा।

ऑक्शन में मुंबई ने जैक्स पर 5.25 करोड़ रुपए की बोली लगाई, आरसीबी यहां राइट टु मैच कार्ड यूज कर सकती थी, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। आरसीबी के पास पर्स में रकम भी बहुत थी। इस फैसले के बाद एमआई के आकाश अंबानी अपनी टेबल से उठकर आरसीबी मालिक से हाथ मिलाने पहुंच गए। ऑक्शन में कई अनकैप्ड प्लेयर्स भी करोड़पति बन गए। इनमें 13 साल के वैभव सूर्यवंशी का नाम सबसे चौंकाने वाला रहा। 30 लाख की बेस प्राइस पर उनके लिए राजस्थान और दिल्ली ने बोली लगाई। आखिर में राजस्थान ने उन्हें 1.10 करोड़ रुपए में खरीदा।

## पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे को दूसरे वनडे हराया

### सईम अयुब का शतक, सीरीज 1-1 से बराबर, तीसरा मैच 28 नवंबर को

**बुलवायो ( एजेंसी )।** पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे को दूसरे वनडे में 10 विकेट से हरा दिया है। बुलवायो में जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर



बैटिंग चुनी, टीम 145 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। पाकिस्तान ने 18.2 ओवर में बगैर विकेट गंवाए ही टारगेट हासिल कर लिया। सईम अयुब ने 113 रन की पारी खेली। दूसरा वनडे जीतकर पाकिस्तान ने 3 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। पहला वनडे जिम्बाब्वे ने 80 रन से जीता था। तीसरा मैच 28 नवंबर को बुलवायो में ही खेला जाएगा।

**जिम्बाब्वे का टॉप ऑर्डर फ्लॉप :** टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी जिम्बाब्वे टीम ने 4 ओवर में 2 विकेट गंवा दिए। जॉयलॉर्ड गुम्बी 5 और तादिवानाशे मरुमानी 4 रन बनाकर आउट हुए। डायन मायर्स और कप्तान क्रैग इरविन ने पारी संभालने की कोशिश की। हालांकि, मायर्स 33 और इरविन 18 रन बनाकर आउट हो गए।

## गुकेश पहला मैच हारे, डिफेंडिंग चैंपियन डिंग लिरेन ने हराया

### वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप : चाइनीज प्लेयर ने 1-0 की बढ़त बनाई

**सिंगापुर ( एजेंसी )।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश सिंगापुर में चल रहे वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप का पहला मैच हार गए हैं। उन्हें मौजूदा चैंपियन डिंग लिरेन ने हराया। इस हार के बाद भारतीय स्टार 14 मैच तक चलने वाले मुकाबले में 0-1 से पिछड़ गए हैं। वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप के इतिहास में पहली बार ऐसा है कि दो एशियाई खिलाड़ी वर्ल्ड विजेता बनने के लिए एक-दूसरे से भिड़ रहे हैं। 18 साल के गुकेश ने सफेद मोहरों से शुरुआत की। उन्होंने गेम की शुरुआत में ही



राजा के आगे वाले प्यादे को दो घर चलकर गलती कर दी। लिरेन ने इसका जवाब 'फ्रेंच डिफेंस' से दिया। गुकेश ने वही रणनीति अपनाई जो विश्वनाथन आनंद ने 2001 में स्पेन के एलेक्सी शिरोव के खिलाफ पहला वर्ल्ड चैम्पियनशिप खिताब जीतने के समय अपनाई थी। गुकेश को 12वीं चाल तक आधे घंटे का फायदा था, लेकिन 8 चाल बाद लिरेन को अतिरिक्त मिनट मिले, जिससे साबित हो गया कि वे शुरुआत की अपनी चुनौती से पार पा चुके हैं। इसके बाद उन्होंने दमदार वापसी करके 42 चालों में जीत दर्ज की।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक मोहन शर्मा के लिए ए-9, प्रथम तल, सुदर्शनपुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से प्रकाशित एवं मोहन शर्मा एण्ड कंपनी प्रा.लि. ए-9, सुदर्शनपुरा औद्योगिक क्षेत्र जयपुर से मुद्रित। संपादक : अरुज मोहन भारद्वाज, संपादकीय प्रभारी : फूलचन्द बिलोनिया*
मो. 98875-21440, फोन: 2210316 फैक्स-2210022, अखबार प्राप्त करने के लिए : 2210316 आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2005/15194 e-mail: morningnews22@gmail.com/editorial.morningnews@gmail.com
*पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए जिम्मेदार।